बरेली, रविवार
18 मई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

दैनिक जागरण



# तनावपूर्ण जीवनशैली और व्यायाम की कमी बना रही हाइपरटेंशन का मरीज

जागरण संवाददाता, बरेली: एसआरएमएस मेडिकल कालेज में शनिवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस (वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे) पर निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। शिविर में मेडिसिन विभाग की ओर से ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचबीएवनसी, लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, किडनी फंक्शन टेस्ट, यूरीन एल्बुमिन क्रिटेनिन रेशियो, पेरीफेरल न्यूरोपैथी, बीएमडी की जांचें की गईं। कैंप में 275 लोगों ने जांच करवाई, जिनमें 12 मरीज ऐसे मिले जो कई वर्षों से शुगर नियंत्रित करने की दवाई ले रहे थे। कैंप में हाइपरटेंशन के 28 नए मरीज मिले। इन्हें जांच रिपोर्ट आने से पहले ब्लड प्रेशर ज्यादा होने की जानकारी नहीं थी।

मेडिसिन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डा. दीपक दास ने बताया कि कैंप में 15 प्रतिशत मरीज ऐसे मिले, जिनके बीएमडी टेस्ट में



एसआरएमएस में लगे शिविर में जागरूकता के पोस्टर लिए खड़े चिकित्सक • सौ. संस्थान

**वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में लगा शिविर**

हड्डियां खोखली होने का पता चला। 30-40 वर्ष के अधिकांश युवाओं में आस्टियोपोरोसिस की जानकारी मिली। यह सब बैठे-बैठे काम करना, तनावपूर्ण जीवनशैली, व्यायाम की कमी, अत्यधिक नमक और फास्ट फूड का सेवन व नींद की कमी की वजह है। यह उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, दिल की परेशानियों के गंभीर खतरे की सबसे बड़ी वजह है। उन्होंने बताया कि आज के दौर में 30 वर्ष से ऊपर के सभी लोग हाइपरटेंशन के जोखिम में हैं। इस दौरान मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डा. स्मिता गुप्ता, डा. एमके मेहरोत्रा, डा. श्रुति शर्मा, डा. वली मुहम्मद, डा. आरके टंडन आदि मौजूद रहे।